# प्रादेशिक समाचार
11.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रियों ने संभाला कामकाज, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी पदभार किया ग्रहण।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने नीट–2024 की काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से किया इनकार, एनटीए को जारी किया नोटिस।
3. राज्य सरकार ने पुलिस अधिकारियों को माफिया और पेशेवर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के दिये निर्देश।
4. मौसम विभाग ने राज्य में हीट वेव को लेकर जारी किया रेड अलर्ट, पंद्रह जून तक सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई कैबिनेट के मंत्रियों ने आज अपना–अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। झारखंड से केन्द्रीय मंत्री बनी अन्नपूर्णा देवी ने महिला एवं बाल विकास मंत्री और संजय सेठ ने रक्षा राज्यमंत्री का पद संभाला। कार्यभार संभालने के बाद श्री सेठ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात भी की। इधर, अमित शाह ने भी गृह मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सहकारिता मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला। इनके अलावा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू, पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू, फूड प्रोसेसिंग मंत्री चिराग पासवान, बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी बैष्णव ने भी पदभार ग्रहण किया। राज्यमंत्री सुकांत मजूमदार, प्रतावराव गणपतराव जाधव, एल मुरुगन, जयंत चौधरी, हरदीप पुरी, सुरेश गोपी, जितेन्द्र सिंह और जीतन राम मांझी समेत कई अन्य मंत्रियों ने भी अपने –अपने विभागों का कार्यभार आज से संभाल लिया है।

*******************

केंद्र सरकार ने राज्यों को जून महीने के लिए एक लाख उनतालिस हजार सात सौ पचास करोड़ रुपये की कर धनराशि जारी कर दी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह राशि राज्य सरकारों को विकास और पूंजी संबंधी व्यय में तेजी लाने में मदद करेगी। 2024–25 के अंतरिम बजट में राज्यों को कर हस्तांतरण के लिए बारह लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि इस किस्त के साथ ही केंद्र ने 10 जून 2024 तक राज्यों को दो लाख उन्यासी हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि दे दी है।

*******************

कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मान हानि मामले में आज रांची के एमपी एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने उन्हें कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने को कहा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई को होगी।

*******************

सर्वोच्च न्यायालय ने आज राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट स्नातक 2024 के बाद मेडिकल कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने 05 मई को आयोजित नीट परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए और अन्य से जवाब मांगा है। इस मामले को एक अन्य लंबित याचिका के साथ जोड़कर अब 8 जुलाई को सुनवाई होगी। परीक्षा में कदाचार और धोखाधड़ी की शीघ्र और गहन जांच करने के लिए छात्रों द्वारा याचिका दायर

की गई है। इसमें परीक्षा के नतीजों को वापस लेने और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने की भी मांग की गई है।

*******************

साहिबगंज जिले में कल्याण विभाग की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया जाएगा।

*******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज राज्य की विधि– व्यवस्था को लेकर वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान अपराध और उग्रवाद नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करी के खिलाफ की गयी कार्रवाई की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने माफिया और पेशेवर अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने वन और भू–राजस्व समेत कई अन्य विभागों के कामकाज की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री की विभागीय समीक्षा कल भी जारी रहेगी, जिसमें कई अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

*******************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों को अगले शैक्षणिक वर्ष से साल में छात्रों को दो बार प्रवेश देने की अनुमति देने का नीतिगत निर्णय लिया है। वर्तमान में यूजीसी एक वर्ष में एक शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की अनुमति देता हैं। यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने कहा कि इससे उन छात्रों को अधिक फायदा मिलेगा जिनके बोर्ड परिणामों की घोषणा में देरी हो जाती है या जो स्वास्थ्य समस्याओं या व्यक्तिगत कारणों से प्रवेश लेने से चूक जाते हैं।

*******************

राज्य सरकार ने प्रचंड गर्मी के प्रकोप को देखते हुए सभी स्कूलों को 15 जून तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल ने आज इस सिलसिले में आदेश जारी कर दिया है। आदेश पत्र में कहा गया है कि 15 जून के बाद सभी कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगी।

*******************

इस बीच पलामू, गढ़वा और कोल्हान के कुछ क्षेत्रों समेत राज्य के कई जिलों में 15 जून तक सीवियर हीट वेव की चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने इसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 12, 13 और 14 जून को पलामू, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसांवा में सीवियर हीट वेव को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

*******************

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सात से 10 जून तक आयोजित प्रथम फुटबॉल पावर नेशनल चौंपियनशिप के दोनों वर्गों में झारखंड की टीम चौंपियन बनी है। झारखंड की अंडर 14 बालक टीम ने फाइनल में पश्चिम बंगाल को तीन–शून्य से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इसी आयु वर्ग में बालिका टीम ने फाइनल में उत्तर प्रदेश को शून्य के मुकाबले एक गोल से हराया। अंडर 17 आयु वर्ग की बालक टीम ने फाइनल में पश्चिम बंगाल को दो–एक से मात दी जबकि इस आयु वर्ग में झारखंड की बालिका टीम ने फाइनल में मध्य प्रदेश को छह–शून्य से हराकर खिताब हासिल किया।

*******************

भारत दिसंबर 2025 में होने वाले पहले जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ– एफआईएच के कार्यकारी बोर्ड ने आज भारत को जूनियर हॉकी विश्व कप के मेजबान के रूप में नामित किया। यह पहली बार होगा जब एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी।

**********समाप्त**********